Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- चित्तौडगढ़ में श्रीमती ममता माली हाल ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक (बीपीएम) (संविदाकर्मी), कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौडगढ़ 25,00/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 03 जून, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चित्तौडगढ़ चौकी द्वारा आज कार्यवाही करते हुए श्रीमती ममता माली हाल ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक (बीपीएम)(संविदार्मी), कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौडगढ़ को 25,00/– **रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चित्तौडगढ चौकी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौडगढ की ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक (बीपीएम) श्रीमती ममता माली द्वारा परिवादिया को लखपति दीदी योजना एवं पशु सखी योजना में लगातार बनाये रखने एवं नहीं हटाने की एवज में 2500/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर पेरशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरविजन में एसीबी चित्तौडगढ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया श्रीमती ममता माली हाल ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक (बीपीएम)(संविदाकर्मी), कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौडगढ को परिवादिया को लखपति दीदी योजना एवं पशु सखी योजना में लगातार बनाये रखने एवं नहीं हटाने की एवज में राजिविका कार्यालय डूंगला में 25,00/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।